# नोट शीट

मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

महोदय,

दिनांक 11-09-2023 को जनपद संत कबीर नगर के फेज-2 व फेज-5 से संबंधित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०), समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण) तथा सभी संस्थाओं के पतिनिधि उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात सभी एजेन्सियों की समीक्षा किया गया।

समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त तैयार कर दाईं ओर संलग्न है। कृपया ~~हस्ताक्षर~~ अनुमोदित करना चाहें ।

15/09/23

(संजय कुमार जयसवाल)
अधिशासी अभियंता

15.9.23
C.D.O.

जिलाधिकारी
सन्त कबीर नगर
16/9/2023

पत्रांक- 1591 / m-13 / 143 / दि० 16-09-2023

## दिनांक 11-09-2023 को आयोजित जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 11-09-2023 को जनपद संत कबीर नगर के फेज-2 व फेज-5 से संबंधित जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०), समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता-जल निगम(ग्रामीण) तथा सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात सभी एजेन्सियों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

1. **कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)**

जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना था। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 170 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ है। ग्राम पंचायत- रसूलाबाद, वि०ख०- खलीलाबाद में भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्य बाधित है। ट्यूबवेल 173 पूर्ण, 161 विकसित, पाइप लाइन के लक्ष्य 2046.52 कि0मी0 के सापेक्ष 1291.00 की प्रगति की गई। पम्प हाउस 103 पर कार्य प्रारम्भ एवं 53 पर कार्य शत प्रतिशत तक पूर्ण है। शिरोपरि जलाशय का कार्य 170 योजनाओं पर प्रारम्भ है, जिसमें 43 कार्य Raft स्तर पर एवं Bottom dome स्तर पर 01 व Top Dome स्तर पर शून्य है। लक्षित गृह संयोजन 63950 के सापेक्ष 32330 की प्रगति की जा चुकी है। कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 379.30 करोड़ के सापेक्ष रू0- 183.51 करोड़ व्यय किया गया। हर घर नल से जल 416 राजस्व ग्राम पूर्ण किन्तु प्रमाणीकरण शून्य है।

2. **कार्यदायी फर्म (जैक्सन-विश्वराज जे०वी०, नई दिल्ली)**

जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन-विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 DPR के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 228 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ है और 21 पर कार्य अनारम्भ है। ट्यूवेल 223 पूर्ण 100 विकसित, पाइप लाइन के लक्ष्य 3145 कि0मी0 के सापेक्ष 767 की पूर्ती की

P/C [signature]

Scanned with OKEN Scanner

गई। पम्प हाउस 32 पर कार्य प्रारम्भ एवं 8 कार्य शत प्रतिशत तक पूर्ण है। शिरोपरि जलाशय 105 कार्य प्रारम्भ है जिसमें 09 कार्य Raft स्तर पर एवं Bottom dome स्तर पर 03 व Top Dome स्तर पर शून्य है। लक्षित गृह संयोजन 155272 के सापेक्ष 1097 की प्रगति की जा चुकी है। कुल वित्तीय लक्ष्य रू0- 796.98 करोड़ के सापेक्ष रू0- 85.27 करोड़ व्यय किया गया। हर घर नल से जल 12 राजस्व ग्राम पूर्ण किन्तु प्रमाणीकरण शून्य है।

दोनों कार्यादायी फ़र्मों की component-wise प्रगति निम्नानुसार है ।

| फर्म का नाम | | मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि०, हैदराबाद । | | | JAKSON - VISHVARAJ (JV), New Delhi | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | प्रगति | शेष | लक्ष्य | प्रगति | शेष |
| कवर एग्रीमेन्ट | | 171 | 171 | 0 | 290 | 249 | 41 |
| कवर एग्रीमेन्ट के सापेक्ष फर्म द्वारा कार्य प्रारम्भ की सं० | | 171 | 170 | 1 | 249 | 228 | 21 |
| ट्यूबवेल (सं०) | बोरिंग | 179 | 173 | 6 | 249 | 223 | 26 |
| | विकसित | 179 | 161 | 18 | 249 | 100 | 149 |
| पाइप लाइन (कि०मी०) | | 2046.52 | 1291.00 | 755.52 | 3145.00 | 767.00 | 2378 |
| पम्प हाउस | कार्य प्रारम्भ | 179 | 103 | 76 | 249 | 32 | 217 |
| | 100% तक पूर्ण | 179 | 53 | 126 | 249 | 8 | 241 |
| शिरोपरि जलाशय (सं०) | कार्य प्रारम्भ | 171 | 170 | 1 | 249 | 105 | 144 |
| | 100% तक पूर्ण | 171 | 0 | 171 | 249 | 0 | 249 |
| गृह संयोजन (सं०) | | 63950 | 32330 | 31620 | 155272 | 1097 | 154175 |
| हर घर जल सर्टिफिकेट | | 416 | 0 | 416 | 12 | 0 | 12 |
| वित्तीय प्रगति (धनराशि करोड़ में) | | 379.30 | 183.51 | 195.79 | 796.98 | 85.27 | 711.71 |

Scanned with OKEN Scanner

3. **डी0पी0एम0यू0 (Arvee Associates)**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन एवं कार्यों के अनुश्रवण हेतु डी0पी0एम0यू0 में विभिन्न गतिविधियों हेतु 07 Expert है, यथा MIS Expert, GIS Expert, IEC Expert आदि। इसके अतिरिक्त परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का निस्तारण भी इनके द्वारा कराया जाना है।
- डी0पी0एम0यू0 के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री ओ0पी0 तिवारी को निर्देशित किया गया कि अपनी टीम के सहयोग से समस्त उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर एक सप्ताह में भूमि विबाद के लंबित प्रकरणों को निस्तारित करायें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अगले समीक्षा बैठक में डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रगति रिर्पोट का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा।
- डी0पी0एम0यू0 के प्रत्येक Expert को अगली बैठक से उनके द्वारा किये गये कार्यों की सप्ताहिक रिर्पोट का प्रस्तुतीकरण करना होगा।

4. **थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी (Fichtner Consulting Engineers Ltd.)**

- टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0- श्री बृजेश कुमार द्वारा बताया गया गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं बिल सत्यापन हेतु इनके पास इंजीनियर एवं सुपरवाइजर की कुल संख्या- 11 मैनपावर की टीम है।
- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्य स्थल से प्राप्त हो रही गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर नराजगी व्यक्त किया गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि कुल 461 योजनाओं के Quality Assurance हेतु टी0पी0आई0 को मानव संसाधन बढ़ाने की आवश्यकता है। डी0पी0एम0 द्वारा बताया गया कि इस हेतु कम्पनी को डिमांड प्रेषित किया गयां हैं।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि टी0पी0आई0 के कार्यों का दैनिक अनुश्रवण हेतु प्रत्येक इंजीनियर द्वारा भ्रमण किये गये कार्य स्थल का विवरण, प्रारूप निर्धारित कर प्रतिदिन प्राप्त करायें।

5. **इम्पलीमेंटेशन सपोर्ट ऐजेनेसी (7 NGO'S)**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यो में सोशल सपोर्ट गतिविधियों हेतु जनपद में कुल 07 NGO'S कार्यरत है। इनको मुख्यतः योज़ना के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक सहयोग हेतु ग्राम पंचायत

Scanned with OKEN Scanner

स्तर पर समिति का गठन, प्रभात फेरी, PRA, महिला बैठक इत्यादि गतिविधियाँ कराया जाना है।

- कार्यदायी फर्मो द्वारा कतिपय ग्राम पंचायतों में कनेक्शन नही लिये जाने की समस्या बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित आई0एस0ए0 द्वारा प्रश्नगत ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम कराकर कनेक्शन लेने हेतु प्रोत्साहित करें।
- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि करायें गये गतिविधियों का बुकलेट तैयार कर प्रस्तुत करें तथा विडियो भी पेनड्राइब में अधिशासी अभियन्ता को उपलब्ध करायें।
- समस्त आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा आगामी सप्ताह में कराए जाने वाले गतिविधियों का साप्ताहिक कार्ययोजना प्रत्येक शनिवार को डी०सी०, डी०पी०एम०यू० एवं अधिशासी अभियंता को प्रस्तुत करें। जिससे संबंधित द्वारा गतिविधियों में प्रतिभाग एवं सत्यापन किया जा सके।

6. <u>टेनिंग एजेन्सी (Inteco Technical services Ltd.)</u>
   - संस्था के प्रतिनिधि श्री तुषार श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम फेज में महिलाओं को जल परीक्षण का प्रशिक्षण द्वतीय फेज में मैनपावर (राज मिस्त्री, पलम्बर, फिटर आदि ) का प्रशिक्षण तथा तृतीय फेज में लेखपाल, ग्राम प्रधान, सचिव, ग्राम पंचायत सदस्य का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
   - निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में प्रशिक्षण गतिविधियों का विकास खण्डवार बुकलेट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें जिससे स्थलीय भ्रमण के दौरान सत्यापन किया जा सकें।
7. <u>IEC ऐजेन्सी (संज्ञान, लखनऊ)</u>
   - अवगत कराया गया कि संस्था द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जल परीक्षण, कार्यशाला तथा वाल राइटिंग का कार्य किया गया है। जनपद स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाना है।
   - निर्देशित किया गया कि अगली बैठक में प्रशिक्षण गतिविधियों का विकास खण्डवार बुकलेट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें जिससे स्थलीय भ्रमण के दौरान सत्यापन किया जा सकें।

<u>अन्य बिन्दु</u>

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अगली बैठक से परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा PERT CHART के माध्यम से की जायेगी। अधिशाषी अभियन्ता इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

- प्रभागीय वनाधिकारी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि पेड़ काटने हेतु अनुमति की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर एक सप्ताह में पूर्ण करायें।
- रोड मरम्मत के शिकायतों की संख्या के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के शत प्रतिशत मार्गों के मरम्मत होने के उपरांत, तकनीकी टीम गठित कर सत्यापन कराया जाएगा, उसके उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी ।
- कार्यदायी फ़र्मों द्वारा बताया गया कि आवंटित भूमि पर भी कुछ जगह कब्जा लेने में तथा रास्ते की समस्या हो रही है । अपर जिलाधिकारी(वि०/रा०) द्वारा सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों को विशेष प्रयास कर एक सप्ताह में निस्तारित कराएं तथा टीम गठित कर आवंटित भूमि पर कब्जा भी दिलवाएं ।

(संत कुमार)
मुख्य विकास अधिकारी

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैवः-
प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मंडलायुक्त महोदय, बस्ती मण्डल को सादर अवलोकनार्थ ।
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ ।
3. अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), संतकबीरनगर ।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, संतकबीरनगर वन प्रभाग ।
5. जी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि० ।
6. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
7. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
8. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
9. समस्त आई०एस०ए०।
10. Inteco Technical services Ltd. (ट्रेनिंग एजेन्सी)
11. IEC ऐजेन्सी (संज्ञान, लखनऊ)

मुख्य विकास अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner